
हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 जून 2024

06 ईदगाह में पढ़ी ईद-उल-अजहा की नमाज ...



07 उल्लास के साथ मनी ईद, ईदगाह सहित सात मस्जिदों...





## खबर संक्षेप

### 17 लाख रुपए के तालाब के कार्य का किया गया श्री गणेश

**रहली।** जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर चनुआ बुजुर्ग में करीब 17 लाख के तालाब के कार्य का श्री गणेश किया गया। साथ ही साथ आंगनबाड़ी भवन, पौधरोपण कार्य, आयुष विभाग के भवन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीईओ आरजी अहिरवार, एपीओ वेद तिवारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, जनपद सदस्य, समस्त सरपंच सचिव, जीआरएस, पटवारी आंगनबाड़ी, कार्यकर्ता ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**सागर।** जन समस्याओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी की मंगलवार को शाम 5 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव गाँधी भवन में आयोजित की गई हैं। बैठक में समस्त कांग्रेस जन सादर आमंत्रित हैं। उक्ताशय की जानकारी जिला शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने दी।

### केंद्रीय राज्य मंत्री प्राकृतिक खेती सखी संवाद कार्यक्रम में होंगे शामिल

**सागर।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र सागर की सभा कक्ष में प्राकृतिक खेती सखी संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं से संवाद करेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र की नोडल अधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिकता राज्य मंत्री बीएल वर्मा 18 जून को सायं 4 बजे कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती से जुड़ी महिलाओं से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। 18 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से किसानों को सम्मान राशि का हस्तांतरण भी करेंगे। यह कार्यक्रम भी कृषि विज्ञान केंद्र सागर में किसान भाइयों एवं प्राकृतिक खेती से जुड़ी सखी महिलाओं को भी दिखाया जाएगा।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त का वितरण आज

**सागर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त वितरण मंगलवार को किया जाना है। इसके लिए मंगलवार को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। योजना के तहत किसान हितग्राहियों को वर्ष में कुल राशि 6000 रूपये तीन समान किस्तो में प्रदान की जाती है। किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त वितरण का प्रधानमंत्री 18 जून को वाराणसी, उत्तरप्रदेश से किया जाना है। योजना की 17वीं किश्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाना है। कलेक्टर दीपक आर्य ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिये है कि योजना की 17 वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाये। योजना के कार्यक्रम में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाये और कार्यक्रम का प्रसारण भी किया जाएगा।

### रोजगार कार्यालय सागर द्वारा रोजगार मेला 21 जून को

**सागर।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अन्तर्गत सागर जिले के अधिकाधिक शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को वैतनिक रोजगार में स्थापित कराने कलेक्टर दीपक आर्य के मार्गदर्शन व निर्देशन में 21 जून को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय सागर द्वारा मलैया मैरिज गार्डन, तिलि चौराहा के पास रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजित मेले मे देश व प्रदेश की निजीक्षेत्र की कंपनीयों के प्रतिनिधी उपस्थित होगी। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

---

ग्राम पंचायतों में कागजों पर संपन्न हो गया जल गंगा संवर्धन अभियान

# 3 करोड़ के जनपद भवन में अधिकारियों ने उचित नहीं समझ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर/रहली

शासन के द्वारा जल संरक्षण को अनेक योजनाएं चलाई जाती है लेकिन वास्तविकता में अपवाद को छोड़ दें तो कागज अथवा दीवार पर लिखे नारों की शक्ल में ही नजर आती है।

शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जमीन पर मूर्त रूप नही ले पा रही है। शासन के द्वारा जल संरक्षण के लिए शासकीय भवनों सहित बड़े आकार के निजी भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अनिवार्यता है। लेकिन रहली क्षेत्र के शासकीय भवनों में इकलौते नगर पालिका कार्यालय भवन को छोड़कर किसी भी भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है। यही नही ब्लाक की 95 ग्राम पंचायतों में जलसंरक्षण की योजनाओं का संचालन एवं मॉनिटरिंग करने वाले जनपद पंचायत के अपने 300 लाख की लागत से निर्मित तीन मंजिला आलीशान भवन में लिफ्ट, एसी सहित सारी सुविधाएं है। लेकिन भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नही लगाया गया है। बिल्डिंग के निर्माण का कामकाज देख रहे आरईएस के प्रभारी कार्यपालन यंत्री एस के अमरोदिया से भी इस बाबत मीडिया ने ध्यान दिलाया था लेकिन विषय को गंभीरता से नही लेकर टालते रहे और छह साल बीतने के बाद आज तक रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नही बन पाया।




प्रदेश सरकार के द्वारा जल संरक्षण के मकसद से 5 जून से 16 जून तक जल गंगा संरक्षण अभियान चलाया गया। शासन का यह महत्वपूर्ण अभियान ब्लाक की 95 ग्राम पंचायतों में कागजों पर सिमट कर रहा गया। अधिकारियों की रुचि के कारण शासन के निर्देशों के मुताबिक अभियान न चलकर सिर्फ औपचारिता पूर्ण कर अभियान की इतिश्री कर दी गई।

इस मामले में रहली जनपद सीईओ आरजी अहिरवार का कहना है कि बारिश शुरू होने से पहले जनपद भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाया जाएगा। और जल संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में पुराने जल स्त्रोतों की सफाई की गई है और जहां पुराने जल स्त्रोत नही है वहां मनरेगा के तहत नए जल स्त्रोत बनाये जा रहे है ताकि बारिश का पानी रोका जा सके।

# इफको ने कृषक संगोष्ठी में नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं महत्व के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कर्रापुर में इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं महत्व पर आधारित कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवेंद्र देव पांडे संयुक्त आयुक्त सहकारिता सागर संभाग एवं विशिष्ट अतिथि कमल मकाश्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सागर एवं बी एल मालवीय संयुक्त संचालक कृषि सागर संभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतीक गुप्ता क्षेत्रीय अधिकारी इफको, द्वारा इफको के सहकारिता में उदभव एवं विकास और नैनो उर्वरकों (नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी) के महत्व एवं प्रयोग विधि के बारे में परिचर्चा की। कमल मकाश्रे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सागर द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को मिलने वाली ऋण सुविधाओं एवं नैनो उर्वरकों के सामयिक महत्व के बारे में किसानों को उद्बोधन दिया गया। शिवेंद्र पांडे संयुक्त आयुक्त सहकारिता सागर संभाग द्वारा सहकारी समितियों के बहुउद्देशीय विकास के क्रम में जन औषधि केंद्र के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही इफको के नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषकों एवं सहकारी समितियों को प्रोत्साहित किया। बी एल मालवीय संयुक्त संचालक कृषि सागर द्वारा कृषकों से पारंपरिक उर्वरकों के वैकल्पिक रूप में नैनो उर्वरकों को अंगीकृत करने हेतु आह्वान किया गया। अंत में अरविंद तिवारी समिति प्रबंधक कर्रापुर द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों एवं कृषक बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।







## वाणिज्य कर चौराहे के पास महान दानवीर डॉ हरीसिंह गौर की प्रतिमा की गई विस्थापित

सागर। सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा विगत वर्षों से शहर के यातायात को व्यवस्थित और सुगम बनाने के लिये इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और नियमों के पालन जैसे रेड लाइट पर रुकने की आदत, ट्रिपल राइड न करना, हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाना आदि की आदतों को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात का लाभ मिले और चौराहों पर वाहन चालक के साथ ही जेब्राक्रासिंग से पैदल सड़क पार करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सिविल लाइन चौराहे को सुव्यवस्थित बनाने के लिये आईलेंड का निर्माण किया गया है और यहां वाहनों के आवागमन को ट्रेफिक सिग्नल के माध्यम से कंट्रोल किया जा रहा है। यातायात को और सुगम बनाने के लिये यहां बनी रोटरी को हटाना आवश्यक था। नागरिकों के यातायात हित को देखते हुये रोटरी में स्थापित सागर के पितृपुरुष महानदानी डॉ हरीसिंह गौर की प्रतिमा को ससम्मान विस्थापित करने का निर्णय लिया गया और स्थल का चयन स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संगठनों की सहमति से करते हुये वाणिज्य कर चौराहे के पास प्रतिमा स्थापित करने हेतु तैयार किया गया था। प्रतिमा स्थापित करने हेतु बेस निर्माण का कार्य पूरा होते ही जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुये माल्यार्पण कर डॉ हरीसिंह गौर की प्रतिमा को यहां स्थापित किया गया है। रोटरी हटने के बाद चौराहे का विशाल आकार दिखने लगा है। इस चौराहे का कायाकल्प पूरा होते ही नागरिकों को एक सुंदर और व्यवस्थित चौराहे का लाभ आवागमन के लिये मिलेगा।

# बे तरकीब तरीके से मिट्टी की फिलिंग कराने पर संबंधित ट्रस्ट को नोटिस दिया जाए : निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बिना अनुमति बे तरकीब तरीके से वृंदावन मंदिर के बाजू में खाली बड़ी भूमि पर मिट्टी की फिलिंग कराने के कारण अगर जल जमाव की स्थिति बनती है और इससे कोई नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेवारी वृंदावन ट्रस्ट की होगी। इस आशय का नोटिस वृंदावन ट्रस्ट को दिया जाए कि वह खाली भूमि में पड़ी मिट्टी को व्यवस्थित करवाए ताकि वह बहकर नाले, नालियों में न जाए जिसके कारण जल जमाव की स्थिति न बने। उक्त आशय के निर्देश सोमवार को प्रातः नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा जल जमाव के संभावित स्थानों का निरीक्षण करते हुए जोन प्रभारी को दिए। निगम आयुक्त ने जल जमाव के संभावित स्थानों का निरीक्षण करते हुए वृंदावन मंदिर के बाजू में खाली पड़ी भूमि के पीछे से बहने वाले नाले की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संबंधित जोन प्रभारी को निर्देश दिए कि नाले का पानी अवरुद्ध न हो इसलिए नाले की जहां आवश्यक हो तुरंत पोकलेन मशीन से सफाई करायें, नाले के किनारे खाली पड़े प्लाट पर नाले की ओर दीवार बनाने के लिए भी संबंधित प्लाट मालिक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, ताकि इस खाली प्लाट से नाले का पानी कॉलोनी में न जा सके। उन्होंने जैन हायर सेकंडरी स्कूल के गेट के सामने बने नाले का भी निरीक्षण किया और नाले में जमा कीचड़ और खरपतवार को तुरंत मशीन लगाकर साफ करने के निर्देश दिए, इसके अलावा उन्होंने जोन प्रभारी को निर्देशित किया कि वर्षा आने के पूर्व नाले, नालियों का गहरीकरण और सफाई कार्य में बिल्कुल कोताही न बरती जाए और जहां भी जल जमाव की संभावना हो उस क्षेत्र के नाले, नालियों की अच्छी तरह से साफ-सफाई कराएं।



### निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान आम लोगों से की चर्चा

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से उनके वार्डो में नाला, नालियों की सफाई और जल जमाव वाले स्थानों की जानकारी लेकर संबंधित जोन प्रभारियों को नाला, नालियों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन के साथ पीटीसी ग्राउंड का भी निरीक्षण किया जहां 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, उसकी तैयारियों को लेकर नगर निगम को सौंपे गए कार्यों को समय पूर्व कराने के निगम अधिकारियों को निर्देश दिए।



## ईद उल अजहा के अवसर पर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर मुबारक़ बाद दी

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा ईद उल अजहा के अवसर पर मुस्लिम भाइयो को ईदगाह की नमाज के बाद गले मिलकर मुबारक़ बाद दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, पार्षद राकेश राय, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, प्रदीप पप्पू गुप्ता, शैलेन्द्र तोमर आदि ने सभी मुस्लिम भाइयो को ईद की मुबारक बाद पेश की।




## जिला कांग्रेस ने बस एसोसिएशन द्वारा की जा रही हड़ताल को समर्थन दिया

**सागर।** पुराने बस स्टैंड से पुनः बसों का संचालन किये जाने की मांग को लेकर सागर जिले में बसों की हड़ताल चल रहीं हैं। आज जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा हड़ताल का समर्थन करते हुए पुराने बस स्टैंड से पुनः संचालन किये जाने की मांग का समर्थन किया एवं कांग्रेस का समर्थन पत्र सौपा। इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष पचौरी ने कहा कि पुराने बस स्टेण्ड को समाप्त करना प्रशासनिक तानाशाही हैं। इससे पूरे जिले कि जनता परेशान हैं। ग्रामीण जिलाध्यक्ष डाँ आनंद अहिरवार ने कहा कि भाजपा के राज में जनता को हर तरीके से परेशान किया जा रहा हैं। इस अवसर पर बस एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, अतुल दुबे को समर्थन पत्र सौपा। धरना में प्रमुख रूप से डाँ अंकलेश्वर दुबे, मुकुल पुरोहित, प्रवक्ता गण आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा, योगराज कोरी, शैलेन्द्र तोमर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, नितिन पचौरी, रामगोपाल यादव, गोपाल प्रजापति, चैतन्य कृष्ण पाण्डेय, गब्बर पठान आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर ललोई व बंगेला में ट्रांसफार्मर बदले व लाइन मेंटेनेंस कार्य हुआ

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर मालथौन विकास खंड के ग्राम ललोई व बंगेला के खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने, विद्युत लाइनों व ट्रांसफार्मरों के मेंटेनेंस का कार्य विद्युत विभाग के अमले ने कर दिया है।उल्लेखनीय है कि गत 14 जून को पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह के ललोई दौरे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामजनों ने विद्युत वितरण से जुड़ी ट्रांसफार्मरों व लाइनों के खराब होने की शिकायत की थी। इस पर उन्होंने विद्युत विभाग को समयावधि के भीतर इस समस्या को हल करने के निर्देश दिए थे। विद्युत विभाग ने निर्देश पर अमल करते हुए 15 जून को ग्राम ललोई में ट्रांसफार्मर बदले व लाइन मेंटेनेंस कार्य किया। 16 जून को यही कार्य बंगेला ग्राम में संपादित किया जाकर विद्युत व्यवस्था में सुधार कर दिया गया है।

## परिचय सम्मेलन और मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह

**सागर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा द्वारा रविन्द्र भवन में युवक–युवती परिचय सम्मेलन और मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैन ने कहा कि विश्वकर्मा समाज सभी का सहयोग करने वाली समाज है। समाज के लिए 40 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण करा रहे हैं। हमने यह काम कोई राजनैतिक लाभ के लिए नहीं किया, बल्कि मेरे लिए सदैव विश्वकर्मा समाज ने सहयोग किया है।

संत कंवर राम वार्ड में निरंकारी बाल समागम कार्यक्रम संपन्न

# बच्चे हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं: डॉ गनवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संत निरंकारी मिशन सागर जोन नंबर 25 ए का जोनल निरंकारी बाल समागम संपन्न हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया गया। बाल समागम की अध्यक्षता रतलाम जिले से पधारे महात्मा डॉक्टर विशाल गंनवानी ने की।

मीडिया सहायक सुनील कुमार मनवानी ने बताया की संत कंवर राम वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी झूलेलाल सामुदायिक हाल में विशाल निरंकारी बाल समागम का समागम का आयोजन किया गया। डॉक्टर विशाल गनवानी ने आगे फरमाया कि आज निरंकारी स्क्रिप्ट नाटक के माध्यम द्वारा और यह जो आज बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें कि यह दिखाया गया कि आज का युवा कुछ खराब संगत में पहुंचकर नशा आदि में जुड़ रहा है तो उसके लिए यह निरंकारी बाल समागम के आयोजन किए गए कि निरंकारी सत्संग से जुड़िए और इस निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के द्वारा जो यह ब्रह्म ज्ञान प्राप्त किया जा रहा है इस ज्ञान को पाकर मनुष्य जीवन जीने का जो यह सालीका सीखे।



आज के बच्चे सीखें कैसे सत्संग कैसे सुमिरन, सेवा, सत्संग किया जाता है और जो दूसरी बुराइयां हैं उनसे दूर हट कर इस निराकार प्रभु परमात्मा जो अंग संग है कण-कण में व्यापक है। इसको जानकर इसकी भक्ति करें और यह जो मानव जीवन का उद्देश्य है वह अपना पूर्ण करें आगे महात्माओं ने फरमाया दास बचपन से ही इस निरंकारी मिशन से जुड़ा हुआ है।

और इस निरंकारी मिशन में एक दूसरे का सत्कार एक दूसरे को प्यार एक दूसरे को की भावना को यहां सिखाया जाता है। और यह आध्यात्मिक मिशन है यह निरंकारी मिशन से जुड़कर दास का भी जीवन धन्य हुआ है। दास सतगुरु माता जी के चरणों में अरदास करेगा की आप सभी बच्चों के जीवन में भी खुशहाली आए। सभी बच्चों ने आज जो यह एक्ट के माध्यम से बताया कि प्रभु परमात्मा से जुड़कर निराकार को जानकर इसकी भक्ति करें और दास ने आज जो निरंकारी एग्जिबिशन प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसमें भी कई ऐसे ऐसे प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए जिसमें रक्तदान महादान, और अमृत जल संरक्षण वृक्षा रोपण के तहत एवं ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति एवं इस निराकार को जानकर इस बुरी संगत में न पड़े और अच्छी संगत में पड़कर सेवा सिमरन सत्संग के द्वारा और पाठशाला के माध्यम से भी बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई दास को यहां आकर बहुत अच्छा लगा।

आभार व्यक्त सागर जोनल इंचार्ज आदरणीय महात्मा नारायण दास जी निरंकारी ने सभी मुखी, प्रमुख महात्माओं के साथ मिलकर आए हुए महात्माओं का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया एवं आए हुए सभी साथ संगत का बाहर से आए हुए मुखी महात्माओं का आभार व्यक्त किया एवं इस सत्संग प्रोग्राम में बीना, खुरई, गुना, विदिशा, बंडा, गढ़ाकोटा एवं अन्य कई जिलों से बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



## कुशवाहा समाज में पगड़ी रस्म का हुआ आयोजन

**सागर।** सामाजिक परंपराओं के अंतर्गत मैनेजर स्व खेमराज पटेल के स्वर्गवास उपरांत पुत्र प्रताप पटेल को पगड़ी रस्म की अदायगी करके कुशवाहा पंचायत महासभा के पंचगणों की स्वीकृति से मैनेजर पद पर परेड केंट सागर में नियुक्त किया गया। पगड़ी रस्म के आयोजन में पंचायत महासभा के वरिष्ठ चौधरी रामेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता मे अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष चौधरी पी डी पटेल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ चौधरी उमाशंकर पटेल, जिला उपाध्यक्ष चौधरी, धनराज पटेल, चौधरी उदयचंद, चौधरी जयराम पटेल, चौधरी श्रीराम पटेल मासाब केरवना ने चौधरी प्रताप पटेल को पगड़ी बांधकर एवं मालाओं से उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मंच का संचालन करते हुए चौधरी पी डी पटेल जिला अध्यक्ष समाज को संगठित रखते हुए समाज की पारिवारिक समस्याओं को आपस में बैठकर सुलझाने हेतु अपील की।अंत में चौधरी जयराम पटेल ने उपस्थित कुशवाहा समाज का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### योग दिवस पर हो कार्यक्रम शाला में हो प्रवेश उत्सव



**टीकमगढ़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर जवाब दर्ज कराने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर द्वारा शाला प्रवेशोत्सव, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई साथ ही उन्होंने लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार एवं अधिकारीवार समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्यक्रम और अभियान शासन के निर्देशानुसार अच्छे से आयोजित किये जायें। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय विश्व योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2024 को विधिवत आयोजित किया जाये, सभी संबंधित अधिकारी समन्वय कर यह सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य, स्टाफ, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधिगण, सहित्यकार, समाजसेवी, नगरवासी सम्मलित हों। कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक, आईटीआई योग संस्थान एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मी, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्य एवं औधोगिक संगठन अवश्य भाग लें और योग को अपने जीवन में अपनाएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी सत्र में जिले की समस्त शालाओं में प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाए। साथ ही उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी शिक्षक अभिभावकों से भेंट कर बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ शभारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर शसंजय कुमार दुबे तथा एसके तोमर, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण आरके पस्तोर, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक कुमार शर्म आदि उपस्थित रहे।


### आईटीआई में पंजीयन व च्वाइस फिलिंग 20 तक

**रायसेन।** शासकीय आईटीआई में विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग प्रारंभ हैं। जिसकी अंतिम तिथि 20 जून तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर पर अथवा ऑनलाईन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल पर 20 जून तक पंजीयन/त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग करा सकते हैं। जिले में संचालित 6 शासकीय आईटीआई रायसेन, मंडीदीप, देवरी, गैरतगंज, बेगमगंज एवं सिलवानी में विभिन्न व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। युवक-युवतियां 20 जून तक पोर्टल पर अपना पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान और गंगा दशहरा के तहत हुई गंगा आरती, नदी की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंडेश्वरधाम

जिले के शिवधाम कुंडेश्वर में जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान और गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में रविवार रात गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान जमड़ार नदी के तट पर आकर्षक रंगोली सजाई गई व 101 दीपक प्रज्ज्वलित कर 101 घोड़ों की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सहित भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य श्रद्धालुओं के साथ नदी की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। वहीं शिव धाम कुंडेश्वर मंदिर के




प्रधान पुजारी जमुना तिवारी ने बताया कि 5 जून से 16 जून तक चले जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का रविवार को समापन किया गया। इस मौके पर जमड़ार नदी के तट पर रंगोली सजाकर आकर्षक साज सज्जा की गई। साथ ही विधि विधान से नदी की पूजा अर्चना के बाद आरती उतारी गई।

साथ ही उन्होंने बताया कि नदी के चारों ओर हजारों दीपक जलाए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना और कलेक्टर अवधेश शर्मा ने पूजा अर्चना के बाद नदी की आरती उतारी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हाथों में दीपक प्रज्ज्वलित कर तथा उन्हें लेकर नदी की आरती उतार कर जल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान नदी के चारों ओर सुरक्षा के तौर पर कोतवाली और खिरिया चौकी पुलिस के जवान तैनात रहे। करीब 2 घंटे तक चले धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर अवधेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को प्राचीन जल स्त्रोतों को सुरक्षित और संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया।

## निर्जला एकादशी के दिन महिला मंडल को बांटे तुलसी के पौधे



**टीकमगढ़।** अग्रवाल महिला मंडल की बहनों को पूनम अग्रवाल द्वारा पवित्र तुलसी के पौधे वितरित किए गए। पूनम अग्रवाल ने बताया कि हमारे हिंदू धर्म में तुलसी को माता के रूप में पूजा जाता है। भगवान कृष्ण को तुलसी बहुत प्रिय है।

कार्तिक मास में जगह-जगह तुलसी शालिग्राम का विवाह बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।तुलसी को जहां देवी के रूप में पूजा जाता है वहीं दूसरी ओर तुलसी औषधीय गुणों से भरपूर है। कहा जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है। वहां देवताओं का वास होता है नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव नहीं होता है। सभी अग्रवाल बहनों ने शपथ ली कि वह बढ़चढ़कर पौधरोपण में सहभागिता निभाएंगी, कार्यक्रम में पूनम-केके अग्रवाल, पूनम-गनेश अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, सीमा-अनिल अग्रवाल, माला लोहिया, सुधा लोहिया, सुमन लोहिया, ममता अग्रवाल, नीता लोहिया, मंजू-गनेश बिहारी अग्रवाल, मंजू-संतोष अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, पूनम-आशीष अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा-संजय अग्रवाल, नेहा अग्रवाल सहित काफी संख्या में अग्रवाल बहनें उपस्थित रहीं।

## अंधी रफ्तार से भाग रहे ट्रक ने दंपती सहित पुत्री को रौंदा, मौत



**टीकमगढ़।** शहर सहित आसपास के क्षेत्र में पुलिस की लापरवाही के कारण रोज ही एक न एक हादसा सुनने या देखने में आता ही है जैसे रविवार को झांसी रोड पर हुए हादसे में पति की मौत हो गई व उसकी पत्नि जीवन व मृत्यु के बीच जूझ रही हैं। वैसे ही सोमवार के रोज टीकमगढ़-सागर हाईवे रोड पर दोपहर करीब 3:40 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। घटना में तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और यहां सिर्फ जांच ही चलती रहेगी।

सागर हाईवे पर गोंगाबेर मंदिर के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीनों लोग सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे। हादसा इतना भीषण हुआ कि तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों के शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि तीनों मृतक बम्हौरी मडिया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि मृतकों में पति-पत्नी और उनकी बेटी है। मृतकों में खुमान कुशवाहा, कलन कुशवाहा और उनकी 15 साल की बेटी ब्रजेश कुमारी शामिल है। तीनों सोमवार दोपहर टीकमगढ़ से अपने गांव बम्हौरी मड़िया जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**तय समयानुसार अता की गई नमाज, सुरक्षा की व्यवस्था रही चाक चौबंद**

# ईदगाह में पढ़ी ईद-उल-अजहा की नमाज मांगी अमन चैन की दुआ, गले मिलकर दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

**ईद-उल-अजहा के रोज सोमवार को सबसे पहले सुबह 7.30 बजते ही शहर की ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां देते हुए ईद की शुभकामनाएं प्रेषित की है। जिले में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सिविल लाईन स्थित ईदगाह में मुख्य नमाज अदा की गई। इसमें सैंकड़ों मुस्लिम भाईयों ने अमन चैन की दुआ मांगी। ईदगाह में सुबह से ही मुस्लिम भाईयों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी और ईदगाह के बाहर मेले के जैसा नजारा था। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे और ईद के त्योहार पर आज ईदगाह के बाहर सुबह से ही खैरात लेने वालों की लाइन लग गई।**

पेशे इमाम जामा मस्जिद द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हमारे





लिए बड़ा ही मुबारक दिन है इस दिन को अल्लाह हमें अनेक इनामों इकरामात से नवाजता है। हमें चाहिए की हम जैसी ईद मनाते है वैसी ईद हम अपने उन भाई को भी मनवाएं जो गरीब हैं। जिनकी माली हालत कमजोर है उनकी ईद भी हमारी तरह मने उन्हें अहसास न होकि वे कमजोर है या यह कर नहीं सकते।

### सुबह से ही सजदा करने बड़ी संख्या में पहुंचे नमाजी

सोमवार को इस बार ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। ईद की नमाज अदा की गई। गुरूवार के रोज सुबह 7.30 बजे ईदगाह में पढ़ी गई । इसी के साथ ही पहले से मुकर्रर वक्त के तहत शहर की सभी मस्जिदों में नमाज अता की गई

बड़ी संख्या में पहुंचे लोग ईद पर्व के मौके पर मोहम्मद शहंशाह पेशे इमाम जामा मस्जिद ने कहा कि आज ईद के त्योहार पर ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की. इस मौके पर सभी भाईयों को अल्लाह का पैगाम देता हूं कि देश और दुनिया में आपसी भाईचारा कायम रखें।

# कांम्बिंग गश्त के दौरान फरार दो स्थाई वारंटी पुलिस गिरफ्त में, रायसेन कोर्ट में किया पेश

◆ घेराबंदी कर बेरखेड़ी चौराहा से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस को काम्बिंग गश्त के दौरान दो ऐसे फरार स्थाई वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली है जो छह और चार वर्षों से दो मामलों में फरार चल रहे थे। इसके साथ ही पुलिस ने दो गिरफ्तारी वारंट भी तामील कराए हैं। रायसेन एसपी विकास कुमार शहवाल के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान जोरों पर चल रहा है।

इसी कड़ी में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने शनिवार रात्रि को अपनी पुलिस टीम जिसमें एसआई आरएस दांगी, एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव, जीतेन्द्र वर्मा, हेत सिंह मीणा, आरक्षक रंजीत धाकड़, रविन्द्र रघुवंशी और सैनिक नोबत को शामिल कर कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाने के दो मामलों में दो फरार स्थाई वारंटी पकड़ें हैं। जिनमें शफीक खान पिता रफीक खान उम्र 30 वर्ष निवासी पिपलिया चांद जो 2018 छह सालों से मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। इसको मोबाइल लोकेशन से घेराबंदी कर बेरखेड़ी चौराहा से गिरफ्तार किया है। अमित रावत पिता पप्पू रावत उम्र 28 वर्ष निवासी सलामतपुर जो चार साल 2020 से मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। को राजीवनगर से ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो स्थाई वारंटियों को रविवार के दिन रायसेन न्यायालय में पेश किया है।

**2 गिरफ्तार वारंटी भी हुए तामील**



*थाना पुलिस ने गुंडा और निगरानी शुदा बदमाशों को भी चेक किया। वहीं दो गिरफ्तारी वारंटी भी तामील किए हैं। जिसमें सुनील प्रजापति पिता बाबूलाल प्रजापति निवासी अम्बाड़ी को 34(1) आबकारी अधिनियम के मामले में फरार चल रहा था का गिरफ्तारी वारंट तामील कराया हैं। वहीं परसराम मीणा पिता नाथूराम मीणा निवासी अम्बाड़ी गांव को 138 चेक बाउंस के मामले में गिरफ्तार कर रायसेन न्यायालय में पेश किया है।*

**इनका कहना है**

कॉम्बिंग गश्त के दौरान 2 मामलों में 2 स्थाई और 2 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों की धरपकड़ करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।
**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

## अपराध दर्ज, वन भूमि से ब्लास्टिंग मशीन और ट्रैक्टर को किया जब्त



**टीकमगढ़।** जिले के जतारा वन विभाग टीम सहित चंदेरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के तहत विगत 15 जून की रात्रि में वन परिक्षेत्र जतारा अन्तर्गत बीट उपरारा के संरक्षित कक्ष क्रमांक पी 237 बी में वन क्षेत्र की पहाड़ी से वन माफियाओं और क्रेसर संचालकों द्वारा केसर के लिए पत्थर ब्लास्टिंग करने की सूचना प्राप्त होने वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार ने मौके से दल को रवाना करके एक ट्रैक्टर और ब्लास्टिंग मशीन को पुलिस बल चंदेरा के सहयोग से जब्त कर वन अधिनियमों के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी ट्रैक्टर मालिक अखिलेश कुशवाहा और ट्रैक्टर चालक अनंतराम कुशवाहा के विरूद्ध वन अपराध दर्ज कर जब्त ट्रैक्टर और ब्लास्टिंग मशीन को सुरक्षित जतारा लाया गया। उक्त कार्यवाही में वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण वन अमला एवं चंदेरा थाना का पुलिस बल मौजूद रहा ।

*शहर की खस्ताहाल सड़कों को दुरस्त करने के प्रयास शुरू*

# माधवगंज से रामलीला मैदान तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खरीफाटक ब्रिज से माधवगंज चौराह होते हुए रामलीला मैदान तक 1 करोड़ 53 लाख की लागत से नई सड़क का निर्माण होगा। रविवार को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने विधायक मुकेश टंडन के साथ इस सड़क का भूमिपूजन किया।

शहर की कई सड़कों और गलियों की स्थिति वर्तमान में बहुत खस्ता है। कई जगह तो सड़क का सिर्फ नाम रह गया है पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आचार संहिता लगने के कारण नगरपालिका के कामों पर ब्रेक लग गया था। इसलिए सड़कों का निर्माण और मरम्मत के काम नहीं हो पाए, लेकिन अब आचार संहिता खत्म होते ही नगरपालिका ने काम शुरू करा दिए हैं। सड़कों का निर्माण होने से शहर के लोगों को बारिश में काफी राहत मिलेगी। 1 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से खरीफाटक ओवर ब्रिज से माधवगंज चौराह, माधवगंज चौराह से नीमताल चौराह, बड़ा बाजार, बड़ा बाजार से रामलीला चौराह तक सड़क का निर्माण बारिश से पहले हो जाएगा। जिससे शहरवासियों को अब सड़कों के गड्ढों से राहत मिलेगी।

कार्तिक चौक मंदिर के पास से धर्माधिकारी के घर की ओर जाने वाली सड़क पर भी गड्ढे उभर आए हैं। उसके आगे पानी की टंकी की ओर जाती हुई सड़क पर भी इतने गड्ढे हैं की वाहन संभालना ही मुश्किल हो जाता है। वहीं होमगार्ड ऑफिस से पुरनपुरा चौराह की ओर जाने वाली सड़क बीच- बीच में इतनी भयंकर तरीके से खुदी है कि वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते हैं। बारिश से इसकी मरम्मत जरुरी है। शहर की कई सड़कें खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुकी हैं। कई गलियां तो ऐसी हैं जहां से लोगों ने गड्ढों के कारण निकलना ही बंद कर दिया है। जिसमें डागा वस्त्रालय से भैया साहित्य सदन की ओर वाली सड़क में चंद जगह ही सड़क बची है। पूरी गली में गड्ढे है। इसके अलावा पुरनपुरा गली नंबर पांच की आधी सड़क पर चार- चार फीट लंबे और गहरे गड्ढे उभर आए हैं। जिसके कारण बारिश में यहां दुघटनाएं घटने का अंदेशा बना हुआ है।

**शहर को तेजी से संवारने की तैयारी कर रही नपा**

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के कार्यकाल में यह सड़क स्वीकृत हो गई थी। आचार संहिता एवं किसी तकनीकी कारण की वजह से यह सड़क नहीं डाल पाई थी, लेकिन अब तमाम रुकावटों के समाप्त होते ही सड़कों का निर्माण कार्य नगरपालिका शुरू करने जा रही है। 1 करोड़ 53 लाख की लागत से शहर की मार्केट की सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि नगरपालिका आचार संहिता हटने के बाद बहुत तेजी से शहर का विकास करने जा रही है। शहर की सभी जर्जर सड़कों को बहुत तेजी के साथ बनाया जाएगा। शहर के सौंदर्यीकरण में भी कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा विदिशा साफ और स्वच्छ विदिशा रहे इसके लिए हम सदैव प्रयास कर रहे हैं। शहरवासी भी शहर को साफ ओर स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें तभी हमारा शहर साफ और स्वच्छ सुंदर शहर बनेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, मंडल पंकज पाण्डे, वरिष्ठ नेता विजय जैन, संदीप डोंगर सिंह, पार्षद ज्योति सिद्दार्थ जैन, कौशल अहिरवार, कमलेश सूर्यवंशी, अखिलेश राजपूत सहित अन्य सभी लोग उपस्थित रहे।

# अभियान के अंतर्गत किया आमापानी पठरिया तालाब का गहरीकरण कार्य

## जल स्त्रोतों को सहेजना का कार्य कर रही नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर नगर परिषद के द्वारा जल स्त्रोतों को सहेजने व उनका संवर्धन किए जाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्राचीन जल स्त्रोतो को बचाने के अभियान को लेकर नगर परिषद रहवासियो का भी सहयोग ले रही है।

नगर परिषद के द्वारा नप क्षेत्र में स्थित आमापानी पठरिया में तालाब के गहरी करण का कार्य कराया जा रहा है। तालाब का गहरी करण हो जाने से वर्ष भर तालाब में पानी भा रहेगा, जिसका लाभ नागरिको को मिलेगा। 5 जून विष्व पर्यावरण से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रत्येक दिन नगर में स्थित प्राचीन जल स्त्रोतो, बावड़ी,



कुओ आदि की सफाई कर जल के संरक्षण का कार्य किया गया।

अभियान में जन प्रतिनिधियो, नपकर्मचारियो के अतिरिक्त जन भागीदारी की सहभागिता भी देखी गई। नगर परिषद अध्यक्ष रेषु विभोर नायक ने बताया कि अभियान में 'नगर के प्राचीन जल स्त्रोतो की साफ सफाई गहरी करण, पौधरोपण, स्कूल में निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता आदि के कार्य कराए गए। जिसमें पार्षदो, नप कर्मचारियो नगर वासियो, सामाजिक संस्थाओ का सहयोग प्राप्त हुआ।

## चाक चौबंद रही त्यौहार पर साफ सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था

# उल्लास के साथ मनी ईद, ईदगाह सहित सात मस्जिदों में अदा हुई नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

त्याग और कुर्बानी का प्रतीक ईदुज्जुहा सोमवार को शहर सहित जिले भर में उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने शहर स्थित ईदगाह सहित सात अन्य मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की और रब्बुल आलमीन को अपनी ख्वाहिशों की कुर्बानी देने का वादा किया। इस दौरान कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड के निर्देश पर शहर में साफ़ सफ़ाई बिजली पानी आदि की व्यवस्था चाक चौबंद दिखी। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देशन में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी अलर्ट मोड में नजर आए।

शहर श्योपुर में ईद का मुख्य समारोह ऐतिहासिक ईदगाह में हुआ, जहां शहर काजी अतीकउल्ला कुरैशी ने नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद सब्जी मंडी में मौलाना मजरूल हक मस्जिद कुमेदान में हाफिज शहनवाज मस्जिद खान सैयद किला में हाफिज नसीम अख्तर, बडा इमामबाड़ा में कारी आदिल कुरैशी, ने नमाज़ पढ़ाई। इसके अलावा बस स्टेंड के पीछे इस्लामपुरा, सलापुरा आदि मस्जिदों में भी नमाज़ अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी। इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों, राजनेतिक दलों से जुडे नेताओं प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।





### जिले भर में परंपरागत ढंग से मनी ईद

मानपुर, बड़ौदा, कराहल, कुंहाजापुर, वीरपुर, दांतरदा कलां, ज्वालापुर, बगडुआ, कनापुर, ढोढर तथा विजयपुर में मुस्लिम समाज ने मस्जिदों में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की और जानवरों की कुर्बानी दी। यहां भी विभिन्न जनप्रतिनिधियों, राजनेतिक दलों से जुडे नेताओं ने मस्जिदों में पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी।

## रंग लाए प्रयास, स्थानीय लोग बोले धन्यवाद

# वार्ड 17 में चली दो जेसीबी, युद्ध स्तर पर हुई नालों और नालियों की सफाई


नालियों से कम सड़कों से अधिक बहता है बदबूदार गंदा पानी

साफ-सफाई के अभाव में वार्ड 17 में जगह-जगह लगे गंदगियों के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कहीं अनुसूचित जनजाति महिला के लिए वार्ड आरक्षित होने का दंश तो नहीं झेल रहे वार्ड 17 के वाशिंदे। वार्ड की गलियों में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं की कमी और जगह जगह लगे गंदगी के अंबार को देखकर तो ऐसा ही प्रतीत हो रहा है।

शहर के पाली रोड के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र हाइवे से लगा वार्ड 17 में हमेशा ही मूलभूत सुविधाओं की कमी रही है। अनुसूचित जन जाति वर्ग के लिए आरक्षित इस वार्ड में कई पुरुष पार्षद निर्वाचित होता है तो कभी महिला पार्षद निर्वाचित होती है लेकिन वार्ड की स्थिति सुधारने के बजाय और अधिक बिगड़ती ही रहती है। वार्डवासी इस समस्या का मुख्य कारण वार्ड के अनपढ़ और कमजोर वर्ग से पार्षद निर्वाचित होने को कारण मानती है। वार्ड वासियों का कहना है कि परिषद में बैठे ऊंची जाति के होशियार पार्षद और पदाधिकारी विकास की धुरी को सिर्फ़ अपने वार्ड तक सीमित रखना चाहते हैं। इसलिए वे जहां अधिक जरुरत है, वहां विकास पहुंचने दे ही नहीं रहे हैं। इस समय जहां कलेक्टर लोकेश कुमार के निर्देश पर नगर पालिका सफाई कर्मचारी जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए नाला सफाई का युद्ध स्तर पर अभियान चला रहे हैं वहीं इस अभियान से वार्ड 17 फिलहाल अछूता ही दिखाई पड़ रहा है। नालियां और सड़के टूटी होने के कारण पानी नाली से अधिक सड़कों पर ओवरफ्लो होकर बहता रहता है।

इनका कहना

हमारे वार्ड में कई वर्षों से कोई निर्माण काम नहीं हुआ है। सड़कें टूटी हुई है। नाली बुरी तरह टूट फूट चुकी है, जिससे पानी सड़कों पर बहता है। कई बार पार्षद से कही, लेकिन पार्षद यही बोलती है कि नगर पालिका में मेरी कोई नहीं सुनता है।

नंदू मीणा
युवा जागरूक वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खबर का असर

सोमवार को वार्ड क्रमांक 17 में ओवरफ्लो हो रहे नालों की सफाई के लिए नगर पालिका ने दो जेसीबी लगाकर अवरुद्ध हो रहे गंदे पानी की निकासी कर दी है। ज्ञात हो कि रविवार को ही हरिभूमि ने 'साफ़ सफाई के अभाव में जगह जगह लगे गंदगी के ढेर' नामक शीर्षक से एक समाचार प्रकाशित किया था। इस समाचार प्रकाशन के बाद नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने सीएमओ सतीश मटसेनिया को वार्ड 17 में तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में सोमवार को दो जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे नपा के सफाई अमले ने युद्ध स्तर पर अभियान वार्ड में सफाई अभियान शुरू कर दिया।

दरसअल नगर पालिका श्योपुर के वार्ड क्रमांक 17 में जगह-जगह से नालिया टूटी हुई है। मुख्य नाला जो बंजारा डैम की ओर जाता है वह कचरे से भरा होने के कारण पानी गंदा पानी सड़क पर भर रहा था, यह हालत कई दिनों से निर्मित हो रही थी। इस संबंध में वार्ड पार्षद ने भी असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा था कि उसने कई बार नगर पालिका में साफ सफाई के लिए बोला है लेकिन अधिकारी उसकी बात नहीं सुनते नहीं हैं। वार्ड वासियों ने अनुसूचित जनजाति की महिला पार्षद होने के कारण परिषद वार्ड से भेदभाव के आरोप भी लगाए थे। इस तरह की जानकारी वार्ड पार्षद, वार्डवासियों और हरिभूमि के माध्यम से मिलने के बाद नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वार्ड 17 में युद्ध स्तर पर सफाई कर गंदगी से मुक्ति दिलाई। इस दौरान मोहल्ला वासियों ने हरिभूमि को लंबे समय वार्ड में हुई इस सफाई के लिए धन्यवाद भी दिया।




# करीरिया में युवक तो नदीगांव में किशोरी ने संदिग्ध हालत में लगाई फांसी, मौत

## मर्ग दर्ज कर फांसी लगाने के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक मामला मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करीरिया का है,जहां युवक ने रात्रि के दौरान कमरे के अंदर फांसी लगा दी। दूसरा मामला वीरपुर थाना क्षेत्र के नदीगांव का है,जहां एक किशोरी ने रात्रि के दौरान घर के पीछे खेत में खडे पेड से फांसी पर लटककर अपनी जान दे दी। दोनों मामलों में पुलिस ने पीएम के बाद शव परिवार के लोगो को सौंप दिए और मर्ग दर्ज कर फांसी लगाए जाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम करीरिया निवासी लेखराज 24 वर्ष पुत्र हरिभूजन सुमन रविवार की रात को खाना खाकर अपने कमरे में चला गया,जहां उसने आधी रात के बाद पंखे के कुंदे से लटककर फांसी लगा ली,जिसका पता घर के लोगों को सोमवार की सुबह तब चला,जब उसकी भतीजी उसे चाय देने के लिए कमरे के अंदर गई। चाचा को फांसी पर लटका देख भतीजी चिल्ला उठी। जिसके बाद परिजन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल लाए,जहां मानपुर पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



### किशोरी ने घर के पीछे पेड़ से लटक कर लगा ली फांसी

वीरपुर थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम नदीगांव निवासी भूरा रजक की 16 वर्षीय बेटी काजल ने शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात को अपने घर के पीछे स्थित खेत में खडे एक पेड से फांसी लगा दी। उसने फांसी का फंदा अपने दुपट्टे को बनाया। जिसका पता परिवार के लोगों को सुबह नींद खुलने पर चला। वीरपुर पुलिस ने पीएम के बाद शव परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर फांसी लगाने के कारणों की जांच शुरू कर दी।

### पेट्रोलपंप के पीछे खेत में मिली युवक की लाश

उधर बडौदा थाना क्षेत्र में रतोदन रोड स्थित पेट्रोलपंप के पीछे एक खेत में रविवार की शाम को एक युवक की लाश मिली है। जिसकी पहचान राजू पुत्र बालाराम गुर्जर उम्र 37 निवासी रतोदन थाना बडौदा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि युवक नशे करने का आदी है। उसकी मौत के स्पष्ट कारण तो अभी पता नहीं है, लेकिन पुलिस मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों का पता लगा रही है।

## पुरानी रंजिश पर हुआ विवाद, छह आरोपियों पर आवदा थाने में केस दर्ज

# ससुरालियों ने एक राय होकर दामाद और उसके दो साथियों को लाठी डंडों से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ससुराल पक्ष के लोगों ने अपने दामाद और उसके साथियों की उस समय एक राय होकर लाठी डंडों से मारपीट कर दी, जब दामाद डॉक्टरों को लेने के लिए आवदा जा रहा था। मारपीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए हैं। विवाद पुरानी रंजिश पर हुआ। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। आवदा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम सारसिल्ला निवासी गुर्जर पुत्र नैनू बंजारा की ससुराल बर्धाखुर्द है। ससुराल पक्ष के लोगों से उसकी कुछ दिन पहले मोबाइल पर फोटो डालने की बात को लेकर मोबाइल पर कहासुनी हो गई। इसी कहासुनी को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने एक राय होकर दामाद को तब घेर लिया,जब वह परिवार के दो लोगों के साथ डॉक्टर को लेने के लिए आवदा आ रहा था।



इस दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से गुर्जर बंजारा सहित बाइक पर उसके साथ मौजूद गुंडा बंजारा और राकेश बंजारा की भी मारपीट कर डाली। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। इस मामले में आवदा पुलिस ने गुर्जर बंजारा की रिपोर्ट पर नैनू बंजारा, पांडू बंजारा, हरेन्द्र बंजारा, देवू बंजारा, भंवर बंजारा, राजाराम बंजारा निवासी बर्धाखुर्द के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### इधर बच्चों के विवाद पर महिला को घर में घुसकर पीटा

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरनावदा में एक महिला की उसके पड़ोस में रहने वाले नामजद आरोपी ने बच्चों के विवाद पर घर में घुसकर मारपीट कर दी। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम गुरनावदा निवासी पीडित महिला कविता पत्नी राजू गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके बच्चे और पड़ोसी देवला गुर्जर के बच्चे एक दिन पहले आपस में झगड गए थे, इसी बात को लेकर देवला गुर्जर गाली गलौच करते हुए घर में घुस आया और थापघूंसो से मारपीट कर दी। इस मामले में कविता गुर्जर की रिपोर्ट पर आरोपी देवला गुर्जर के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# बीच बचाव करने पहुंचे युवक को दबंग ने लातघूसों से पीटा, जातीय अपमान भी किया, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

झगड़े में बीच बचाव करने पहुंचे एक युवक की नामजद आरोपी ने जातीय अपमान करते हुए लातघूसों से मारपीट कर दी। यह मामला बीती शाम को कोतवाली क्षेत्र के वार्ड कमांक 20 भोई मोहल्ला इलाके का है। टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि मछली मार्केट भोई मोहल्ला निवासी विनोद पुत्र रमेश रेगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार की शाम को उसके चाचा के लड़के बृजेश के साथ पूर्व में हुए विवाद को लेकर मोहल्ले का ही गोलू बाथम विवाद कर रहा था। जहां जाकर मेरे बीच बचाव किया। बीच बचाव करने की बात से आक्रोशित होकर गोलू बाथम ने जातीय अपमान करते हुए मेरे मुंह पर मुक्का मार दिया और फिर लातघूसों से मारपीट कर दी। इस मामले में विनोद रेगर की रिपोर्ट पर गोलू बाथम के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# पीएम स्व निधि हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करें कर्मचारीः मटसेनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएम स्व निधि योजना स्टेट वेंडरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के हितग्राहियों को समृद्धि योजना में फीलिंग कराने में कर्मचारी मदद करें, ताकि काम धंधे की कमी से जूझ रहे स्ट्रीट वेंडर भी अपना वायसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें। यह बात सीएमओ सतीश मटसेनिया ने कर्मचारियों की बैठक में निर्देश देते हुए कहीं। इस दौरान घर-घर पहुंच कर प्रोफाइलिंग करने के लिए दल भी गठित किए गए।

सीएमओ सतीश मटसेनिया ने कर्मचारियों को बताया कि पीएम सुनिधि योजना के तहत 10 हजार, 20 हज़ार और 50 हज़ार रुपए जिन हितग्राहियों को मिले हैं, उनकी प्रोफाइलिंग पीएम स्व निधि योजना से समृद्धि योजना पोर्टल पर की जा रही है। ताकि शासन की अन्य आठ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उन्हे मिल सके। वर्तमान में 2922 हितग्राहियों नगरपालिका के माध्य से पंजीकृत है इनमें से 1230 हितग्राही पीएम स्व निधि योजना से समृद्धि पोर्टल पर फाइलिंग की जा चुकी है, जबकि 1692 हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग किया जाना शेष है।



### प्रोफाइलिंग करने घर-घर पहुंचेंगे कर्मचारी

जिन 1692 हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग नहीं हो सकी है ऐसे हितग्राहियों को तलाश कर उनकी समृद्धि पोर्टल पर प्रोफाइलिंग करने के लिए सीएमओ सतीश मटसेनिया ने दल बनाए हैं यह दल वार्ड में घूम कर संबंध स्थिति को तलाश कर उसकी प्रोफाइलिंग कराने का काम करेंगे।

## मेडिकल कॉलेज श्योपुर को इसी सत्र में शुरू कराने की मांग

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भोपाल जाकर डिप्टी सीएम से मिला प्रतिनिधी मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को भोपाल पहुंचकर उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाकात करते हुए नागदा श्योपुर में बन रहे मेडिकल कॉलेज को इसी सत्र से शुरू करने की मांग की।

उप मुख्यमंत्री को मेडिकल कॉलेज को इस सत्र से शुरू करने की मांग को लेकर जो मांगपत्र सौंपा गया है,उसमें इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज को शुरू होने में आ रही कुछ अड़चनों की ओर उनका ध्यान दिलाया गया जिसमें कक्षा शुरू करने में एमसीआई का निरीक्षण बेहद जरूरी है इसलिए अति शीघ्र एमसीआई का निरीक्षण कराया जाए, फर्नीचर इत्यादि के लिए बजट की आवश्यकता है इस हेतु तत्काल बजट आवंटित किया जाए, आउटसोर्स भर्ती एवं पैरा मेडिकल भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान की जाए। मेडीकल कॉलेज भवन का निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएं ताकि भवन की अपूर्णता उसके संचालन में बाधा न बने। भाजपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में मिले प्रतिनिधी मंडल में भाजपा जिला महामंत्री शशांक भूषण, जिला कोषाध्यक्ष मनीष नागौरी, सत्य नारायण यादव आदि भाजपा नेता शामिल थे।



## आधी अधूरी तैयारियों के बीच जिले के स्कूलों में मनेगा प्रवेशात्सव

# आज से खुलेंगे स्कूल, पाठ्य पुस्तक निगम से मिली 4.48 लाख पुस्तकें, सभी स्कूलों में नहीं पहुंची किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 18 जून यानी मंगलवार से होगी। इसके साथ ही स्कूलों में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव भी शुरू हो जाएगा। लेकिन इस उत्सव की जिले में अभी आधी-अधूरी तैयारियां ही हो पाई है। जिले के तीनों ब्लॉक में संचालित 1019 प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में डिमांड के अनुरूप किताबें नहीं पहुंच पाई है। जिले के लिए कुल 5 लाख 30 हजार 264 किताबों की डिमांड भेजी है। लेकिन इसमें से मप्र पाठ्यपुस्तक निगम (टीबीसी) ने बीआरसी को साढ़े 4 लाख के आसपास ही पुस्तके भेजी हैं। हालांकि बीआरसी ने टीबीसी से मिली किताबों को स्कूलों के लिए भेज दिया है,लेकिन अभी तक सभी स्कूलों में किताबे नहीं पहुंच पाई है। उधर विभागीय अधिकारी दावा कर रहे है कि पाठ्यपुस्तकों को लेकर नए सत्र में परेशानी नहीं आएगी।

जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर की ओर से वर्ष 2023-2024 की दर्ज संख्या राज्य शिक्षा केंद्र को भेजी। जिला शिक्षा केन्द्र ने जिले के तीनों ब्लॉकों में कक्षा एक से 8 वीं तक संचालित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में दर्ज छात्र संख्या को देखते हुए 5 लाख 30 हजार 264 किताबों की डिमांड कर उसे मप्र पाठ्य पुस्तक निगम को भेजा। बताया गया है कि पाठ्य पुस्तक निगम ने इसमें से 4 लाख 48 हजार 285 किताबें भेजी। यह किताबें संबंधी बीआरसी को मिली जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र के स्कूलों तक किताबों को पहुंचा दिया गया है, लेकिन अभी कुछ ऐसे स्कूल भी है,जहां तक किताबे नहीं पहुच पाई है।




### 20 को स्कूलों में पहुंचेंगे अफसर, बच्चों को पढ़ाएंगे

राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून से स्कूल चले हम अभियान शुरू होगा। पहले दिन स्कूलों में बच्चों को स्वागत होगा। दूसरे दिन 19 जून को बच्चों के पालकों के साथ ओरियनटेशन कार्यक्रम के तहत संवाद किया जाएगा। तीसरे दिन 20 जून को शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इसमें कलेक्टर, एसपी, जिपं सीइओ स्कूलों में जाकर बच्चों से संवाद करेंगे। उन्हें अच्छा नागरिक बनने और अपने करियर में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे। कौन सा अफसर किस स्कूल में पढाने के लिए पहुंचेगा, इसके लिए सभी जिलों में तैयारियां कंपलीट हो गई है। लेकिन श्योपुर जिले में सोमवार की शाम तक इस तरह की तैयारियां अभी नहीं हो पाई है। विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में पूछा तो वे स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए,सिर्फ यही बात कह पाए है कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।

### ब्लॉक वार पाठ्य पुस्तकों की डिमांड

| ब्लॉक | डिमांड | प्राप्त किताबें | स्कूलों को भेजी |
|---|---|---|---|
| कराहल | 127049 | 89420 | 72611 |
| विजयपुर | 212478 | 194375 | 153988 |
| श्योपुर | 190737 | 164490 | 120444 |
| कुल | 530264 | 448285 | 347043 |

### प्रवेश बढ़ने के साथ मिलेगी किताबें

विभागीय जानकारी के अनुसार अभी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। जिन बच्चों के एडमिशन हो गए हैं उनकी किताबों के डिस्पेच ऑर्डर हो गए हैं। जैसे-जैसे प्रवेश बढ़ेगा किताबें मिलेगी। प्रत्येक स्कूल में चार तरह की पाठ्यपुस्तकें मिल रही है। इसमें एक पुस्तक प्रयास सितंबर माह में उपलब्ध होगी।

### इनका कहना है

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में मंगलवार से प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां कर ली गई हैं। 20 जून को जिले के अधिकारी स्कूलों में पढाने के लिए पहुंचेगे। इसके लिए स्कूलों का आवंटन की कार्रवाई की जा रही है। किताबे भी सभी स्कूलों में पहुंचा दी गई है। पुस्तकों को लेकर नए सत्र में परेशानी नहीं जाएगी।

डॉ पीएस गोयल
डीपीसी,श्योपुर

### सीएमएचओ ने झंडी दिखाकर रवाना किया मलेरिया जागरुकता रथ

श्योपुर। डेंगू और मलेरिया मौसमी जनित ऐसी बीमारियां है जिसके फैलाव के कारण सभी को पता है, यह रोग सिर्फ मच्छरों के काटने से फैलता है अगर हम मच्छरों से अपना बचाव कर ले तो डेंगू और मलेरिया जैसे जानलेवा रोग फेल नहीं पाएंगे। सोमवार को यह बात सीएमएचओ डॉ जेएस राजपूत ने मलेरिया मलेरिया निरोधक माह के तहत जागरुकता रथ को रवाना करते हुए कही। साथही जागरूकता फैलाने के लिए मलेरिया जागरूकता रथ को जिला अस्पताल परिसर से हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ राजपूत ने कहा कि हर साल जून में मलेरिया निरोध माह मनाया जाता है इस बार भी मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत हम अधिक से अधिक लोगों को मलेरिया के होने वाले मुख्य कारण समझाएं ताकि रोग का फैलाव रोका जा सके। आशा कार्यकर्ता और एएनएम नियमित रूप से बुखार रोगियों की जांच कर मलेरिया जांचे ताकि संबंधित को तत्काल इलाज मिल सके। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा जे एन सक्सेना, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिंदल, जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेंद्र रावत, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र सिंह यादव एम्बेड परियोजना के डीपीएम पुनीत शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बताया गया है कि मलेरिया जन जागरूकता रथ द्वारा मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में घूमते हुए लोगों को वितरण की गई। मछरदानी का उपयोग करने की सलाह ,लार्वा की पहचान, नष्टीकरण,मछरो की पहचान जीवन चक्र इत्यादि विषय पर विस्तार से समझाइश दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अन्तर्गत महेदपुर निवासी प्रियंका कुषवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संदीप कुशवाह,सतेन्द्र कुषवाह,धनकुवर कुशवाह निवासी ग्राम कुशुअन थाना इदार जिला शिवपुरी ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारिरीक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### दो जुए के अड्डों पर छापा मार कार्रवाई की

**अशोकनगर।** जिले के नई सराय थाने के अन्तर्गत पुलिस ने जुआ के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई की है पहली कार्रवाई ग्राम भैसा की नर्सरी में की गई, जहां रामवावू श्रीवास्तव, संतोष कोरी और राजू साहू तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए पाये गये। पुलिस ने तास की गड्डी और 1 हजार रुपए बरामद किये है, इसी तरह दूसरी कार्रवाई भैंसा में स्कूल के पीछे की गई जहां भरत यादव और राजकुमार रघुवंशी तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए पाये गए। जिनके पास से 1 हजार रुपए और तास की गड्डी पाई गई है।

### जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अन्तर्गत गोविन्द केवट उम्र 29 साल निवासी विक्रमपुर ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाने क्षेत्रों में मारपीट के कई मामले दर्ज किये गये है। सिटी कोतवाली अशोकनगर क्षेत्र के अन्तर्गत टकनेरी निवासी मरो बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि परमाल आदिवासी कैलाष आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।ईषागढ थाने के अन्तर्गत खमखेड़ी निवासी जयपाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुनिल यादव, राधिका यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ईशागढ़ थाने के अन्तर्गत ग्राम बानोरा निवासी सुविता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हरिराम, श्रीराम, रामसिंह, और भूरा यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईशागढ़ थाने के अन्तर्गत ग्राम गहोरा निवासी रश्मि बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रतनेश लोधी गोविन्द सिंह, सुखवती बाई, हरपाल लोधी पिंकी लोधी ने मारपीट कर धमकी दी।
जिले के कदवाया थाने के अन्तर्गत ग्राम आकलोन निवासी वीरसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि महेष साहू, अषिष साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से महेष साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वीरसिंह यादव बालकिषन साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाने के अन्तर्गत ग्राम इदौर निवासी बालकिशन साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामवीर केबट आशीष साहू ने उससे मारपीट की।

---

तीन आरोपी में से एक ने अपनी भतीजी बनाकर उप्र के युवक को बेचा

# दुल्हन ने दूल्हे को बताया प्रेमी ने किया उसके साथ दुष्कर्म, फिर 12 लाख में बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी


शहर के देहात थाना क्षेत्र के बड़ा लुहारपुरा की रहने वाली एक युवती को उसके प्रेमी ने उत्तर प्रदेश के युवक को 12 लाख रुपए में बेच कर शादी करा दी। लेकिन मामले का खुलासा तब हुआ जब दुल्हन ने दूल्हे को बताया कि उसके प्रेमी ने उसे 12 लाख रुपए में बेचा है। इसके बाद दूल्हा दुल्हन को लेकर देहात थाने पहुंचा और मामले का खुलासा किया दूल्हे ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवकों में से एक ने युवती को अपनी भतीजी बताकर 12 लाख रुपए लेकर मेरे से विधिवत शादी कराई है, युवती को खरीदने वाले युवक ने बताया कि वह शादी करने के लिए बारात लेकर आया था, लेकिन शादी के बाद ससुराल में पहुंचकर दुल्हन ने पूरा मामला बताया, इस कारण वह पुलिस के पास युवती को लेकर आया है।

जानकारी के अनुसार शहर के बड़ा लुहारपुरा पुरानी शिवपुरी की रहने वाली 28 वर्षीय युवती करीब दस साल से मंगल मसाला फैक्ट्री गुना बाइपास रोड पर अपनी मां के साथ काम करने जाती थी। वहां उसकी पहचान गुरुकुदवाया थाना मायापुर निवासी युवक से हो गई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी तो एक दिन युवक ने उससे अपने प्यार का इजहार कर दिया और शादी करने की बात कही। इसके बाद करीब एक साल पहले युवक ने पीड़िता को शादी का वादा किया और उसे भोपाल ले गया वहां एक किराए के कमरे में 3 महीने तक लिवइन में रहा, युवती बार बार युवक से शादी करने की जिद कर रही थी, हर बार युवक यह कहकर टाल देता था कि जब उसके समाज का सम्मेलन होगा वह उससे शादी कर लेगा।

पीड़िता ने बताया कि युवक 3 माह बाद उसे बदरवास ले आया, पीड़िता को बदरवास में पहचान वाले के मकान में रखा और संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक सहित उसके दो पहचान वालों ने पीड़िता को 22 अप्रैल को एक कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की, और वह जैसा करने को कहे वैसा करने की बात कही नहीं तो जान से मारने की धमकी दी। तीनों युवक पीड़िता को डरा धमका कर एक युवक के गांव गणेश खेड़ा थाना म्याना ले गए। इसके बाद तीनों युवकों ने उत्तर प्रदेश के जलालपुर के युवक को एक युवक ने अपनी भतीजी बताकर बेच दिया। पीड़िता ने ससुराल पहुंचकर पूरी बात बताई।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

बदरवास पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मनोज रजक, रवि गुर्जर व बलवीर गुर्जर के खिलाफ 376(2)(एन), 366,342,506,120 बी, 34 आईपीसी सहित हरिजन एक्ट की 11 धाराओं में प्रकरण कायम कर है। पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस को यह बात बताई थी कि जिस व्यक्ति अमरेश गुर्जर से उसकी शादी कराई गई थी उसे आरोपियों ने 12 लाख रुपये लिए हैं, परंतु पुलिस ने एफआईआर में इसका उल्लेख नहीं किया है।



### इनका कहना है

मामले में पीडिता के बयान महिला अधिकारी ने लिए हैं अभी बयानो में बेचने का जिक्र नहीं किया गया है तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है जिनमें मनोज रजक और रवि गुर्जर व बलवीर गुर्जर शामिल हैं पीड़ित के अभी कोर्ट में बयान कराए जाएंगे मामले में और भी लोग हो सकते हैं इसकी अभी जांच चल रही है ।

**रवि चौहान,** थाना प्रभारी बदरवास

### युवक ने कहा धोखा हुआ, शादी की है

उप्र निवासी युवक शनिवार को पुलिस का फोन पहुंचने के बाद स्वयं पीड़िता को लेकर शिवपुरी के देहात थाना पहुंचा। युवक का कहना था कि उसके साथ तो बड़ा धोखा हुआ है। आरोपियों ने युवक व उसके स्वजन को बताया था कि लड़की के माता-पिता नहीं हैं। ऐसे में उन्होंने शादी के एवज में 12 लाख रुपये उससे लिए थे। आरोपियों ने बकायदा शादी-ब्याह की पूरी रस्में अदा कीं। वह भी बारात लेकर पीड़िता को ब्याहने के लिए आया था। उस समय भी पीड़िता ने उसे कुछ नहीं बताया। युवक के अनुसार उससे धोखाधड़ी कर पीड़िता की शादी उससे कराई गई है। उसके पास शादी के फोटो, वीडियो सब मौजूद हैं।

---



# खूबत घाटी पर पलटी यात्री बस दिल्ली से जा रही थी इंदौर तरफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के सतनबाड़ा थाना क्षेत्र के खूबत घाटी के अंधे मोड़ पर सवारियों से भरी बस पलट गई। घटना सुबह 5 बजे के लगभग की बताई गई है। इस घटना तीन से चार सवारी घायल हुईं हैं। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सतनबाड़ा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक़ कमला बस सर्विस की बस दिल्ली से सवारियों को भरकर इंदौर के लिए निकली थी। इसी दौरान बस खूबत घाटी के अंधे मोड़ पर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और उसी पर पलट गई। डिवाइडर से टकराने के बाद बस थम गई थी जिससे बस में सवार सवारियों को मामूली चोंटे आई है, हालांकि तीन से चार लोग इस घटना में घायल हुए हैं। जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

### अंधा मोड़ बना हादसों का कारण

खूबत घाटी के अंधे मोड़ पर इससे पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। बता दें कि इस मार्ग का नवीनीकरण किया गया है। बेहतर मार्ग पर दौड़ते तेज वाहन एकाएक खूबत घाटी के अंधे मोड़ पर आकर बेकाबू होकर पलट जाते हैं। निर्माण के समय एनएचएआई की चूक के चलते इसका खामियाजा इस मार्ग से होकर गुजर रहे लोगों को उठाना पड़ रहा है।

---

# भीषण गर्मी में पैदल आए ग्रामीणों ने मां को ओढ़ाई 151 मीटर लंबी चुनरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के कोलारस तहसील क्षेत्र के गोरा-टीला गांव से आज सोमवार को 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा की इस चुनरी को बीस भुजी माता मंदिर पर पहुंचकर माता पर चढ़ाई जाएगी। ऐसी भीषण गर्मी के बीच डीजे पर बजते हुए माता के भजनों पर पैदल श्रद्धालुओं का मनोबल जोश से भरा हुआ दिखाई दिया। चुनरी को हाथ में पकड़ श्रद्धालु जय माता के नारों के साथ माता मंदिर की ओर बढ़े। बता दें इस अच्छी बारिश की मनोकामना को लेकर ग्रामीणों द्वारा भीषण गर्मी के बीच इस चुनरी यात्रा को निकाला गया है। गोरा-टीला पंचायत के सरपंच रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि आज यानी सोमवार को इस 151 चुनरी यात्रा की शुरुआत गोरा गांव से हुई थी। यह चुनरी गांव से करीब 10 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध बीस भुजी माता मंदिर पहुंचकर चढ़ाई जाएगी। इस यात्रा में महिलाएं सहित बच्चे करीब 500 ग्रामीण शामिल हुए हैं। माता पर चुनरी चढ़ाने के बाद भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। सरपंच ने बताया कि पिछली बार बारिश अच्छी नहीं हुई थी। इस बार अच्छी बारिश की मनोकामना के लिए यह चुनरी यात्रा निकाली गई है।

---

# ईद-उल-अजहा पर विशेष नमाज पढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

में मुस्लिम समुदाय के लोंगों के द्वारा ईद-उल-अजहा मनाया जा रहा है। इस मौके पर ईदगाह पर ईदु उल अजहा की नमाज मुफ्ती इकरार उद्दीन ने सुबह 8 बजे अदा कराई। इसके बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई।

ईदगाह पर शहर काजी बलीउद्दीन ने ईद-उल-अजहा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नमाज के बाद दुआ हुई। इस मुबारक मौके पर अल्लाह तआला से सभी मुस्लिम लोगों ने अमन चैन के साथ-साथ आपस मे भाई चारा हमेशा कायम रखने के लिए दुआ की गई। इसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिल ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शहर कई प्रमुख लोग भी ईदगाह पहुंचे और ईद के अवसर शुभकामनाएं दीं। बता दें कि ईद की पूर्व रविवार को देर रात तक लोग अपनी आवश्यकता के सामग्री खरीदने में व्यस्त रहे थे। बाजारों में रौनक व चहल पहल मध्य रात्रि तक जारी रही और आज सोमवार की सुबह सुबह



नए-नए वस्त्र पहनकर सभी उम्र के लोग ईदगाह ईद की नमाज अदा करने के पहुंचे थे। ईदगाह में खचाखच भीड़ थी। सभी लोग अपनी-अपनी जगह लेने के लिए उत्साहित दिखे। गर्मी के चलते लोग नमाज पढ़ने के लिए अपने घरों से दरी साथ लाये थे। इसके बाद ईद की नमाज पूरे अकीदत के साथ पढ़ी गई। नमाज के बाद देश व दुनिया उन्नति व अमन व शांति की दुआ कराई गई।

---

# डॉ. गुप्ता को नेपाल के काठमांडू में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल में डॉ अतुल गुप्ता को शिक्षा शोध एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है वह वर्तमान में सहराई के शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ है।

उन्हें त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल हिन्दी केन्द्रीय विभाग और हरिशंकर पीजी कॉलेज रामपुर, जहानागंज, आजमगढ़, उप्र संबद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ उप्र भारत एवं कालिन्दी प्रकाशन आजमगढ़ उप्र भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ज्ञान परम्परा विषय पर 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया था । संगोष्ठी में इन्दिरा राना मगर उप सभामुख डॉ रेखा यादव सदस्य प्रतिनिधि सभा काठमांडू नेपाल विशिष्ट अतिथि रहीं तथा भारत के प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी कुलपति जयप्रकाश



नारायण विश्वविद्यालय छपरा मुख्य अतिथि थे। डॉ संजीता वर्मा विभागाध्यक्ष केंद्रीय हिंदी विभाग त्रिभुवन विश्वविद्यालय रहीं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अमित कुमार दुबे ने किया।

अपने वक्तव्य में डॉ गुप्ता ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा अत्यंत प्राचीन एवं समृद्ध ज्ञान की परम्परा रही है। वेदों, पुराणों उपनिषदों व ऋषि मुनियों के द्वारा प्राप्त ज्ञान बेहद उपयोगी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अत्यंत समुन्नत व उच्च कोटि का मानव जीवनोपयोगी व कल्याणकारी ज्ञान रहा है। अतिथियों द्वारा इन्हें शोध शिक्षा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया गया। डॉ गुप्ता ने स्वयं सेवकों के साथ मिलकर विगत चार वर्षो में उत्कृष्ट कार्य किया। डॉ अतुल गुप्ता विगत चार वर्षो से लगातार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के साथ स्वयं के व्यय एवं जनसहयोग से ओढ़ा दो जिन्दगी नाम से कैम्पेन चलाई। मेरी माटी मेरा देश अभियान वीरों का वंदन बसुधा का संवर्धन के तहत स्वयं के व्यय एवं जन सहयोग से 5 अमृत वाटिकाओं का निर्माण किया गया। इस प्रकार उक्त कार्य श्पर्यावरण मित्र के रूप में किया गया। डॉ अतुल गुप्ता एक युवा इतिहासकार हैं। इनकी पुरातत्व इतिहास क्षेत्रीय इतिहास जनजातीय अध्ययन भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन आदि के अध्ययन एवं सामाजिक कार्यों में गहन रुचि है। आपके तीन दर्जन से अधिक शोध पत्र सात पुस्तकें जिनमे तीन स्वयं की नानोन के शैल चित्र एवं जंगल सत्याग्रह और चार सम्पादित हैं। डॉ गुप्ता को मध्य प्रदेश शासन द्वारा 2021 में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

---

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत परमेश्वर तालाब पर सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी

नगर के परमेश्वर तालाब लक्ष्मण मंदिर पर आज नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत परमेश्वर तालाब पर सुंदरकांड पाठ कर समापन किया गया।

पिछले कुछ दिनों से कुआं, बावड़ी, तालाब के साफ सफाई के लिए सरकार द्वारा अभियान चलाया गया था जिस अभियान में जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी और जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर नेहा जैन के निर्देशन में रविवार शाम से लक्ष्मण मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जीस सुंदरकांड पाठ में नगर के लोगों ने भी हिस्सा लिया और इस अभियान का सुंदरकांड पाठ कर समापन किया गया।

इस दौरान लक्ष्मण मंदिर पर विशाल आरती का भी एक आयोजन किया गया जिसमें संयुक्त कलेक्टर आरपी सिडोस्कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर, प्रभारी तहसीलदार दिलीप दरोगा, नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ कोली, उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिहारे, पार्षद पति शिशुपाल सिंह परमार, मोनू रंगरेज सहित भाजपा नेत्री रश्मि सिहारे, राधा प्रजापति सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

**नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत शहर के बीचोंबीच बन इस तालाब को अब संरक्षण की जरूरत है**

# तुलसी सरोवर गहरीकरण अभियान में किसान ले गए हजारों ट्रॉली मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के शहर के बीचोंबीच पहले वाले तुलसी सरोवर पर शासन के नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य अभियान खूब चल रहा है यह रविवार को सातबां दिन था, सुबह सात बजे से सुरज ढलने तक यह अभियान चल रहा है।


इस दौरान 7 जून से शुरू हुए अभियान में तेजी से जब एक साथ कई मशीन इस तालाब में लगाई गई अब तक तालाब से हजारों ट्राली मिट्टी निकाली जा चुकी है कई जेसीबी मशीन काम करती नजर आई जिस तालाब के गहरीकरण में अंतर तो आया है नेक कार्य हुआ है लेकिन अभी तक तालाब के बीच से सड़क को नहीं हटाया गया है जो अकारण मिट्टी भरी हुई है।

पूर्व में 2016 में जब यहां के एसडीएम इक्षित गढपाले थे तब जन सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया गया था और एक रास्ता बनाकर तालाब के बीचोबीच टापू बनाया गया था ताकि वहां कोई घूमने का स्थान बनाया जा सके लेकिन तालाब में पानी आने के बाद यह सड़क पानी में डूब जाती है टापू कच्चा है काली मिट्टी का बना हुआ है कोई भी यदि इस पर चला गया तो वह मिट्टी में धंस सकता है इसलिए नगरपालिका इस टापू का उपयोग अलग ढंग से करने की इच्छा रखती है ।





नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया और सीएमओ विनोद उन्नीतान के नेतृत्व में यह कार्यक्रम लगातार चल रहा है नपा अध्यक्ष ने बताया की जब तक बारिश नहीं होती तब तक यह कार्यक्रम अगर इसी तरह और चलाया जायगा ताकि तालाव का ठीक तरह से गहरीकरण हो सके। कोई काम की शुरुआत की गई है तो काम को मंजिल तक पहुंचाना जरूरी है शासन के अभियान के बाद भी नगर पालिका इसे अपना अभियान का हिस्सा बनाकर चल रही है। इससे शहर का भला होगा जलस्तर बढ़ेगा और अशोकनगर शहर के आसपास की कॉलोनी में पानी के जलस्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी अभी किसानों को मिट्टी की जरूरत है काम चल रहा है ऐसी स्थिति में इस काम को चलते रहना चाहिए इससे तालाब जरूर बेहतर हो गया है अभी और ऐसा ही कार्य शहर के इस तालाव की साइड जो हुआ है वह अन्य साइड में भी होना आवश्यक है लेकिन वहां इसलिए नहीं हो पाया क्योंकि तालाब में कुछ जगह पानी बचा है जो पूरी तरह सूख नहीं पाया है देखना है फिर तुलसी सरोवर के इस भाग में कब भाग जाएंगे और कब काम की फिर शुरुआत होगी।



### तालाब के बीच में टापू पर पक्षियों बैठने के लिए बनवाया जाएगा स्टैंड

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया की जबतक बारिश की शुरुआत नहीं होती तब तक यह कार्यक्रम लगातार चलेगा। इस तालाब के बीच का जो टापू है उसे एसे ही रखा जायेगा। टापू के उपर पक्षियों को बैठने के लिए एक स्टैंड बनाया जा रहा है, ताकि पक्षी यहां घोसला बना कर रहे सके। इस टापू तक जाने के लिय जो सडक बनाई गई थी उस सडक का हटाया जा रहा है। नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान ने बताया कि तालाब से अब तक सात दिनों में 43 घन मीटर मिट्टी निकाली जा चुकी है। ये क्रम लगातार जारी है। यहां निजी रूप से लोगो ने खुदाई की मषीने लगाई है जिन्हे मिट्टी की जरूरत है वह अपने वाहन लेकर आये और मिट्टी भर कर ले जाये इस कार्य में नगरपालिका का कोई लेना देना नहीं है। मषीन चलाने वालों को मिट्टी लेजाने वाले ही पैसा दे रहे है।

### तुलसी सरोवर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग

शहर का यह तुलसी सरोवर 1977 में बना था उसके बाद मंडी के रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज बना था उस ब्रिज को सडक से जोडने के लिए एक बाइपास रोड बनाया गया था यह बाइपास रोड इस तालाब के किनारे से निकलता है जिसके कारण तालाब के पास की भूमि के दाम आसमान पर पहुंच गये है। ऐसी स्थिति में इस तालाब की भूमि को भू माफियाओं से बचाने की जरूरत है। यहां कई बार अतिक्रमण हट चुके है लेकिन वह वहीं के वहीं हो जाते है। ऐसी स्थिति में इस तालाब की भूमि को बचाने के लिए तालाब के चारों ओर जो जमीन फैली हुई है, उसे बचाने के प्रयास होना चाहिए।

### किसानों से अपील की वह संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करें

अशोकनगर । जिले के कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं निर्देश अनुसार राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों को सुचारू रूप से खाद का वितरण करवाया जा रहा है सभी को खाद मिले एसी व्यवस्था प्रसाषन ने की है। कृषि उपसंचालक केएस कैन ने कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है जिले की लगभग सभी सहकारी समितियां में खाद पहुंचा दिया गया है जिसका वितरण अधिकारियों की निगरानी में करवाया जा रहा है जिले में आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो रहा है और भविष्य में भी उपलब्ध होग ऐसी जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली है जिले के किसानों से अपील है कि फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें ताकि अच्छा उत्पादन प्राप्त हो सके ए डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद उपलब्ध है इसका भी प्रयोग करें क्योंकि डीएपी में नाइट्रोजन एवं फास्फोरस मात्र दो ही तत्व पाए जाते हैं जबकि एनपीके में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश भी पाया जाता है जो की फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए अति आवश्यक है।